म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/अंके/गबन प्रभ./ 1731 भोपाल, दिनांक 16/09/19

प्रति,

संयुक्त संचालक/उपसंचालक,
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय (समस्त) ....

विषयः—स्थानीय निधि संपरीक्षा अंकेक्षण प्रतिवेदन एवं विभागीय अंकेक्षण प्रतिवेदनो में गबन/प्रभक्षण प्रकरणों पर कार्यवाही बावत्।

संदर्भः—कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1671 दिनांक 11.06.18, 1840 दिनांक 24.08.18, प्रबंध संचालक का पत्र क्रमांक 1880 दिनांक 04.09.18, एवं पत्र क्रमांक 2105 दिनांक 24.11.18,

—0—

संदर्भित पत्रों का अवलोकन करे। गबन/प्रभक्षण के मामलो में कार्यवाही एवं निराकरण के संबंध में आपको दिशा निर्देश जारी किये गये थे। आपके द्वारा प्रस्तुत गबन/प्रभक्षण की जानकारियो में मात्र औपचारिकता प्रदर्शित की गई है जबकि यह विषय अतिमहत्वपूर्ण है। कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1880 दिनांक 04.09.18 में आपसे 06 बिन्दुओं पर कार्यवाही कर प्रगति अपेक्षित थी किन्तु कार्यवाही नगण्य है। अतः आप गबन/प्रभक्षण प्रकरणो पर निम्न लिखित बिन्दुओं पर प्रभावी एवं तत्काल कार्यवाही कर आगामी मासिक बैठक में जानकारी सहित उपस्थित होवें।

1. निर्धारित प्रपत्र 'अ' अनुसार वसूल की गई राशि के पश्चात संबंधितो के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही कर स्थानीय निधि संपरीक्षा से आपत्ति का निराकरण कराकर अवगत करावे।
2. निर्धारित प्रपत्र 'ब' अनुसार वसूली अथवा अवशेष वसूली तत्काल करे एवं निलंबित प्रकरणो में आवश्यक कार्यवाही कर अवगत करावे।
3. निर्धारित प्रपत्र 'स' अनुसार माननीय न्यायालय,ई.ओ.डब्ल्यू. एवं पुलिस प्राथमिकी प्रकरणो में अद्यतन स्थिति ज्ञात कर प्रभावी कार्यवाही कर गबन/प्रभक्षण की वसूली योग्य राशि वसूली करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करे।

गबन/प्रभक्षण कर्ता यदि अन्य संभाग की मंडियों में वर्तमान में पदस्थ है तो उनकी पदस्थापना स्थल की जानकारी प्राप्त कर संबंधित मंडी सचिव से वसूली की कार्यवाही हेतु सतत पत्राचार कर वसूली करावे। अतः उपरोक्त निर्देशानुसार कार्यवाही कर मासिक बैठक के पूर्व की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत करे।

16/9/19

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/अंके/गबन प्रभ./ 1732 भोपाल, दिनांक 16/08/19

प्रतिलिपिः—

1. अपर संचालक (वित्त) म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दु को आगामी मासिक समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करे।
2. परिपत्र नस्ति।

16/9/19

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल